दिनांक :- 04/04/2024

भाषा विवि और इंटीग्रल विश्वविद्यालय के बीच हुआ एमओयू

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और इंटीग्रल विश्वविद्यालय के मध्य एक समझौता ज्ञापन साइन किया गया। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो नरेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशन में और कुलसचिव डॉ भावना मिश्रा की उपस्थिति में भाषा विश्वविद्यालय और इंटीग्रल विश्वविद्यालय के मध्य एम ओ यू स्थापित किया गया। यह एम ओ यू विश्वविद्यालय की सभी विषयों में शोध एवं प्रायोगिक ज्ञान को बढ़ाने के लिए किया गया। इससे उच्च शिक्षा के सभी विषयों में गुणवत्ता पूर्ण शोध एवं नवाचार को अग्रतर करने हेतु कार्य किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. भावना मिश्रा, कुलसचिव तथा डीन, वाणिज्य संकाय, प्रो. एहतेशाम अहमद और इंटीग्रल विश्वविद्यालय की तरफ से इंटीग्रल विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो.हारिस सिद्दिकी और प्रो. सबा सिद्दिकी ने इस एम ओ यू पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर एम ओ यू के नोडल अधिकारी, डॉ. नीरज शुक्ल भी मौजूद रहे।

जारीकर्ता:-
मीडिया कमेटी
केएमसी भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ